# 15. संधि

हिंदी भाषा में दो शब्दों के मेल से भी नए शब्दों की रचना की जाती है। संधि का अर्थ होता है मेल। व्याकरण में वर्णों के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है या नया शब्द बनता है, उसे संधि कहते हैं। जब संधि युक्त शब्द के पदों को अलग-अलग किया जाता है तो उसे संधि-विच्छेद करना कहते हैं।

## शिक्षण-संकेत

- ❖ छात्रों को संधि की परिभाषा बताते हुए संधि करना सिखाएँ।
- ❖ संधि के भेदों पर चर्चा करते हुए तीनों भेद- स्वर संधि, व्यंजन संधि तथा विसर्ग संधि स्पष्ट करें।
- ❖ बीच-बीच में शब्दों को बोलकर छात्रों से उनका संधि भेद पूछें।
- ❖ स्वर संधि के भेदों से छात्रों को अवगत कराएँ।
- ❖ समझाएँ, स्वर संधि स्वरों के मिलने पर होती है। इनके नियमों का अभ्यास करने से इन्हें सरलता से समझा जा सकता है।
- ❖ सुनिश्चित करें कि छात्र संधि भली-भाँति समझ गए हैं।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।